# 185.78 करोड़ से विकसित होगा उन्नाव औद्योगिक कारिडोर

**राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ :** उन्नाव के सराय कटियान में बन रहे औद्योगिक कारिडोर में निवेश के लिए विदेशी कंपनियों के आगे आने के बाद बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य तेज कर दिया गया है। शासन ने कारिडोर में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 185.78 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। यह राशि सड़क, नालियां, सीवर लाइन, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट व बिजली आपूर्ति व्यवस्था पर खर्च की जाएगी।

अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर योजना के तहत उन्नाव के बिछिया ब्लाक में सराय कटियान व मुर्तजानगर गांव में 132 हेक्टेयर जमीन पर विकसित किए जा रहे औद्योगिक कारिडोर के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य पूरा कर यूपीडा ने बुनियादी ढांचे का विकास भी शुरू करा दिया है। साथ ही, कारिडोर को लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे व गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए 20 मीटर चौड़े फोर लेन मार्ग के निर्माण का काम भी तेज रफ्तार से कराया जा रहा है। इसे एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए सोनिक मोड़ से लगभग दो किलोमीटर के क्षेत्र में बशीरतगंज के पास तक जंक्शन का निर्माण किया जा रहा है।

उन्नाव औद्योगिक कारिडोर में नीदरलैंड व यूएई की दो कंपनियां उद्यम लगाने की तैयारी कर रही हैं। नीदरलैंड की कंपनी कैनपैक ने कैन निर्माण संयंत्र स्थापित करने की सहमति दी है। इस संयंत्र से खाद्य और पेय पदार्थों के लिए एल्यूमीनियम, स्टील और कांच की बोतलों का निर्माण किया जाएगा। वहीं यूएई की कंपनी एक्वा कल्चर मछली उत्पादन और अनुसंधान के क्षेत्र में निवेश करेगी।

## मैनपुरी के धार्मिक स्थलों के विकास के लिए 14.19 करोड़

राब्यू, जागरण, लखनऊ : मैनपुरी के धार्मिक स्थलों के पर्यटन विकास पर 14.19 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। यह राशि मैनपुरी स्थित घंटाघर, श्री 108 मिट्ठू बाबा सत्यबली आश्रम, भगवान भोलेनाथ विश्वनाथ धाम मंदिर, तुलसीदास मंदिर, ठाकुरदास महाराज मंदिर, सत्यकैलाश आश्रम व मिढ़ावली में माता मंदिर के पर्यटन विकास पर खर्च की जाएगी। इसके अलावा सहन ग्राम में साइनेज की स्थापना, गेट व पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण किया जाएगा। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि संबंधित स्थलों के पर्यटन विकास के लिए उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है।